

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–103/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

**राज्यपाल ने श्री नीतीश कुमार को बिहार के मुख्यमंत्री तथा 26 अन्य व्यक्तियों को मंत्रिपरिषद् के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी**

**पटना 20 नवम्बर, 2025** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने श्री नीतीश कुमार को बिहार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। मुख्यमंत्री के साथ 26 अन्य व्यक्तियों को भी मंत्रिपरिषद् के सदस्य के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गई। शपथ ग्रहण समारोह गाँधी मैदान, पटना में पूर्वाह्न 11.30 बजे से आयोजित किया गया।

श्री सम्राट चौधरी, श्री विजय कुमार सिन्हा, श्री विजय कुमार चौधरी, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, श्री श्रवण कुमार, श्री मंगल पाण्डेय, डॉ० दिलीप कुमार जायसवाल, श्री अशोक चौधरी, श्रीमती लेशी सिंह, श्री मदन सहनी, श्री नितिन नवीन, श्री राम कृपाल यादव, श्री संतोष कुमार सुमन, श्री सुनील कुमार, श्री मो० जमा खान, श्री संजय सिंह 'टाईगर', श्री अरूण शंकर प्रसाद, श्री सुरेन्द्र मेहता, श्री नारायण प्रसाद, श्रीमती रमा निषाद, श्री लखेन्द्र कुमार रौशन, सुश्री श्रेयसी सिंह, डॉ० प्रमोद कुमार, श्री संजय कुमार, श्री संजय कुमार सिंह एवं श्री दीपक प्रकाश ने मंत्री के पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के तथा केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह एवं केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह सहित अन्य केन्द्रीय मंत्रीगण, सांसदगण, विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रीगण एवं उप मुख्यमंत्रीगण, विधान पार्षदगण, बिहार विधान सभा के नव निर्वाचित सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

.........................................